ऑनलाइन पी०जी०ए०टी० - 2022 के लिए अनुदेश

- ऑनलाइन पी०जी०ए०टी० - 2022 के लिए लिंक ऐडमिशन पोर्टल पर दिनांक 18 अगस्त 2022 को 10:00 बजे खुलेगा।
- आवेदकों को अपनी आवेदक आईडी और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ लॉगिन करना होगा।
- इसके बाद उन्हें प्रवेश परीक्षा के लिए लिंक दिया जाएगा।
- पी०जी०ए०टी० 2022 की परीक्षा 2 घंटे की होगी। अगर अभ्यर्थी ने दो विषय चुने हैं तो उसे एक घंटा अतिरिक्त समय दूसरे विषय के प्रश्नों को करने के लिए मिलेगा।
- अभ्यर्थी को पी०जी०ए०टी० 2022 के लिंक पर क्लिक करना है।
- क्लिक करने पर अभ्यर्थी के विषय में सूचना के लिए फॉर्म स्क्रीन पर दिखाई देगा।
- इस फार्म में अभ्यर्थी को अपना पी०जी०ए०टी० रोल नं०, ईमेल आई०डी०, और मोबाइल नम्बर भरना है।
- इन सूचनाओं को भरने के पश्चात अभ्यर्थी **नेक्स्ट** बटन पर क्लिक करें।
- **नेक्स्ट** बटन पर क्लिक करने पर स्क्रीन पर प्रश्न पत्र दिखाई देगा।
- पी०जी०ए०टी० 2022 प्रश्न पत्र दो भागों में विभाजित है।

  भाग - ए : सामान्य योग्यता परीक्षा

  भाग – बी : विषय निपुणता परीक्षा
- **भाग - ए** सभी विषयों के अभ्यर्थियों के लिए है। अभ्यर्थी के लिए सभी 50 बहुवैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी को भाग – ए के सभी 50 प्रश्नों को करने के पश्चात **नेक्स्ट** बटन पर क्लिक करना है।
- भाग -बी स्क्रीन पर दिखाई देगा। इसमें सभी विषयों को सूची स्क्रीन पर दिखाई पड़ेगी। अभ्यर्थी को इस सूची में अपने विषय पर क्लिक करना है।
- स्क्रीन पर अभ्यर्थी द्वारा चुने गए विषय से संबंधित प्रश्न पत्र दिखाई पड़ेगा। इस प्रश्न पत्र में 50 बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे। अभ्यर्थी के लिए सभी प्रश्नों को करना अनिवार्य है।
- भाग- बी के 50 प्रश्नों को करने के पश्चात अभ्यर्थी **नेक्स्ट** बटन पर क्लिक करें।
- इस प्रकार अभ्यर्थी को 100 प्रश्न का उत्तर देना है।
- नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।
- प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक दिए जायेंगे।
- भाग- बी (विषय निपुणता परीक्षा) के सभी 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों को करने के पश्चात अभ्यर्थी को नेक्स्ट बटन पर क्लिक करना है। अब दो विकल्प दिखाई देंगे :
  - **सबमिट**
  - **दूसरा विषय**
- जिन अभ्यर्थियों ने एक विषय चुना था वे सबमिट बटन पर क्लिक करेंगे उनकी परीक्षा की प्रक्रिया यहीं पर समाप्त होती है।
- जिन अभ्यर्थियों ने दो विषय चुने थे वह दूसरा विषय बटन पर क्लिक करेंगे। अब विषयों की सूची पुनः स्क्रीन पर दिखाई देगी। अभ्यर्थी ने जो दूसरा विषय फार्म भरते समय चुना था उस पर क्लिक करना है। उस दूसरे विषय के लिए एक अतिरिक्त घंटा मिलेगा।
- इस दूसरे विषय के 50 बहुवैकल्पिक प्रश्नों को करने के पश्चात अभ्यर्थी को सबमिट बटन पर क्लिक करना है।
- परीक्षा की प्रक्रिया समाप्त होती है।